# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 20.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 20.05.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 05 भूमि विवाद, 02 मारपीट तथा शेष 05 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 20.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना गोल्हौरा पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश एवं श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे क्षेत्राधिकारी इटवा श्री पवीन प्रकाश एवं थानाध्यक्ष रामदेव थाना गोल्हौरा के नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 102/2025 धारा 191(2), 190, 109(1), 119(1), 74, 115(2), 352, 351(3) बीएनएस-2025 से सम्बन्धित अभियुक्त को आज दिनांक 20.05.2026 को थानाध्यक्ष गोल्हौरा मय टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1.तुलसीराम पुत्र संतराम ग्राम गोल्हौरा पाठक थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण--**

1.उ0नि0 नंदलाल यादव, परशुराम यादव थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।
02.आरक्षी मनीष वर्मा थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 20.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना मोहाना पुलिस द्वारा दहेज हत्या के आरोप मे वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश एवं श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे श्री विश्वजीत सौरयान (IPS), क्षेत्राधिकारी सदर, जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में श्री जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान वांछित के तहत थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 74/2026 धारा 80(2),85 बी0एन0एस0-2023 व 3/4 डीपी एक्ट थाना मोहाना जनपद सि0नगर से सम्बन्धित अभियुक्त सोनू गुप्ता पुत्र रामसरन गुप्ता, साकिन दुल्हा शुमाली टोला मंगरहिया थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर को आज दिनांक 19.05.2026 को ककरहवा-धनगड़वा जाने वाली सड़क के पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मा0 न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वांछित अभियुक्त का विवरण-**

01-सोनू गुप्ता पुत्र रामसरन गुप्ता साकिन दुल्हा शुमाली टोला मंगरहिया थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

02.आरक्षी अशोक कुमार यादव थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

03.रि0का0 अनुज कुमार, आर्दश शुक्ला थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 20.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) को सकुशल सम्पन्न कराने एवं जनपद में शान्ति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था को बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जनपदीय पीस कमेटी की गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

आज दिनांक 20.05.2026 को जनपद सिद्धार्थनगर में स्थित कलक्ट्रेट सभागार कक्ष में शिवशरणपा जी एन जिलाधिकारी व डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आगामी त्यौहार **ईद-उल-जुहा (बकरीद)** को सकुशल सम्पन्न कराने, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु जनपदीय पीस कमेटी मीटिंग का आयोजन किया गया । मीटिंग में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से अपील की गयी कि सभी लोग एक दूसरे के धर्म की भावनाओं का सम्मान करें, जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखें, सामप्रदायिक सौहार्द बिगाड़नें की कोशिश करने वालों/असामाजिक तत्वों/किसी भी प्रकार की आपराधिक, अवांछित गतिविधियों के दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें बल्कि अफवाहों की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें तथा जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ /गलत /अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें तथा ऐसे कमेंट न करें जिससे किसी व्यक्ति/सम्प्रदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हों। मीटिंग के दौरान अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक तथा उप जिलाधिकारीगण, क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण सहित पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# प्रेस नोट दिनांक 20.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जिला कारागार सिद्धार्थनगर का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।**

आज दिनांक 20.05.2026 को जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जिला कारागार सिद्धार्थनगर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान भोजनालय, बैरकों तथा बन्दियों का गहन निरीक्षण किया गया। जिला कारागार सिद्धार्थनगर मे निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाएं सन्तोषजनक पायी गयी। जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाए इसके लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही जिला कारागार में आने वाले प्रत्येक नये कैदियों का जेल चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहे व निरूद्ध बन्दियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखे एवं आवश्यकतानुसार समय-समय पर कारागार मे निरूद्ध बन्दियों की गतिविधियों के सम्बन्ध मे जानकारी देते रहें।

## प्रेस नोट दिनांक 20.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना पथरा बाजार पुलिस द्वारा हत्या की घटना का 24 घण्टे के अन्दर अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व बृजेश वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में ओमप्रकाश मिश्र थानाध्यक्ष थाना पथरा बाजार के नेतृत्व मे थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 37/2026 धारा 115(2)/352/351(3) बीएनएस व बढोत्तरी धारा 103(1)/191(1) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुगतगण 01.सूर्यनाथ पाण्डेय पुत्र नगेश्वर पाण्डेय 02.जलज पाण्डेय पुत्र सूर्यनाथ पाण्डेय निवासीगण ग्राम बनगवा पड़ाइन थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को आज दिनांक थानाध्यक्ष मय पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया तथा आला कत्ल बरामद कर अभियुगण को माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण---**

01.सूर्यनाथ पाण्डेय पुत्र नगेश्वर पाण्डेय निवासी ग्राम बनगवा पड़ाइन थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

02.जलज पाण्डेय पुत्र सूर्यनाथ पाण्डेय ग्राम बनगवा पड़ाइन थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करेन वाली पुलिस टीम का विवरण--**

01. ओमप्रकाश मिश्रा थानाध्यक्ष थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

02.उ0नि0 रमाशंकर यादव थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

03.आरक्षी पप्पू यादव, पंकज सिंह थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

04.रि0का0 अरुन कुमार थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 20.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना त्रिलोकपुर पुलिस द्वारा अपहरण के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक कुमार महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "अपराध की रोकथाम एंव अपराधियों की गिरफ्तारी" के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्यवेक्षण में हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना त्रिलोकपुर के नेतृत्व में मु0अ0सं0 77/2026 धारा 87/137(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त सूरज श्रीवास्तव पुत्र दिनेश श्रीवास्तव निवासी ग्राम बुढ़ऊ थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर को आज दिनांक 20.05.2026 गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**अभियुक्त का विवरण-**

01-सूरज श्रीवास्तव पुत्र दिनेश श्रीवास्तव निवासी ग्राम बुढ़ऊ थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 इशान्शु श्रीवास्तव थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

02.आरक्षी सागर जायसवाल थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 20.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के आरोप में वांछित अभियुक्त को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद देशी तमन्चा व 01 अदद खोखा कारतूस बरामद।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल **निर्देशन व** थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर अभय सिंह के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना जोगिया उदयपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 65/2026 धारा 109(1), 351(3) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त को आज दिनांक 20.05.2026 को थानाक्षेत्र के जोगमाया बन्धे से 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद देशी तमन्चा व 01 अदद खोखा कारतूस बरामद। बरामदगी के आधार पर 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही पूर्व करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

01.सब्बीर हुसैन पुत्र नूर मोहम्मद निवासी करौदा मसिना टोला करनहा जनपद सिद्धार्थनगर।

**बरामदगी का विवरण-**

01.घटना में प्रयुक्त एक अदद देशी तमन्चा व 01अदद खोखा कारतूस बरामद।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण---**

01.उ0नि0 जनार्दन यादव, अवधेश यादव थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

02.मुख्य आरक्षी जितेन्द्र सिंह थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 20.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी बाँसी द्वारा थाना जोगिया उदयपुर पर उपजिलाधिकारी व थानाध्यक्ष के साथ आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) व थानाक्षेत्र में शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत थाना स्थानीय के ग्राम प्रधान, बीडीसी, व सम्भ्रान्त व्यक्तियो के साथ पीस कमेटी गोष्ठी की गयी ।**

डॉ0 अभिषेक महाजन ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के अनुक्रम में आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) व थानाक्षेत्र में शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व शुबेन्दु सिंह, क्षेत्राधिकारी बाँसी द्वारा उपजिलाधिकारी बांसी व अभय सिंह थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर के साथ आज दिनांक 20.05.2026 को थाना स्थानीय पर थानाक्षेत्र के ग्राम प्रधान और सम्भ्रांत व्यक्तियों की उपस्थिति में आगमी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) व थानाक्षेत्र में शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत व सौहार्दपूर्ण मनाने हेतु पीस कमेटी की बैठक की गई तथा सभी से वार्ता कर उच्च अधिकारीगण/शासन से प्राप्त आदेशो-निर्देशो से अवगत कराते हुए सभी से त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु अपील की गयी।

# प्रेस नोट दिनांक 20.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना लोटन साइबर पुलिस टीम द्वारा जागरूकता अभियान के तहत ठोठारी बाजार में धोखाधडी/साईबर फ्राड व सोशल मीडिया (व्हाट्स एप्प फेसबुक,ट्वीटर जैसे सोशल प्लोटफार्म) पर अनावश्यक रूप से अवैध कमेंट/आपत्तिजनक वीडियो और व्यक्तिगत जानकारियों के दुरूपयोग से होने वाले अपराध और साईबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साईबर अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे साईबर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण श्री विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन श्री हरिओम कुशवाहा थानाध्यक्ष थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना लोटन साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 20.05.2026 को ठोठारी बाजार में गांव के लोगो को साईबर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत साइबर अपराधों से बचने के सम्बन्ध मे जानकारी दी गयी तथा वर्तमान में हो रहे पैसो की धोखाधडी/साईबर फ्राड व सोशल मीडिया (वाट्सएप , फेसबुक, ट्वीटर-X जैसे सोशल प्लेटफार्म) पर अनावश्यक रूप से अवैध कमेंट/आपत्तिजनक वीडियो और व्यक्तिगत जानकारियों के दुरूपयोग से हो रहे अपराधो के रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 और NCRP पोर्टल पर रिपोर्टिंग निर्देशो से अवगत कराया गया। किसी भी संदिग्ध ईमेल, कॉल या संदेश में दिए गए लिंक पर क्लिक न करें या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। यदि आवश्यक हो तो सीधे संगठन की आधिकारिक वेबसाइट से संपर्क करें। अत्यधिक आकर्षक ऑफ़र वाले विज्ञापनों या सोशल मीडिया पोस्ट से सावधान रहें। अपने सभी डिवाइसों को लॉक, पिन या बायोमेट्रिक सुरक्षा से सुरक्षित करें। सभी ऑनलाइन खातों के लिए एक ही पासवर्ड का उपयोग करने से बचें। व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी कभी भी किसी अज्ञात फोन कॉल या ईमेल पर साझा न करें। अज्ञात स्रोतों से आए लिंक पर क्लिक करने या अटैचमेंट खोलने से बचें। अपने सभी उपकरणों पर एंटी-वायरस सॉफ़्टवेयर इंस्टॉल करें और उसे अपडेट रखें। सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत

जानकारी साझा करने में सावधानी बरतें । ऑनलाइन खरीददारी के लिए केवल सुरक्षित वेबसाइट्स का ही उपयोग करें।

थाना लोटन साइबर जागरुकता टीम का विवरण---

01.उ0नि0 श्री राहुल गुप्ता थाना लोटन ,जनपद सिद्धार्थनगर।

02.क0आ0 गौरव कांत थाना लोटन ,जनपद सिद्धार्थनगर।

03.हे0का0 मोहम्मद खुर्शीद, कन्हैया यादव, अंकित सिंह थाना लोटन ,जनपद सिद्धार्थनगर।

04.आरक्षी विजय यादव थाना लोटन ,जनपद सिद्धार्थनगर।

05.म0का0 पूजा वर्मा थाना लोटन ,जनपद सिद्धार्थनगर।

06.रि0म0का0 पूनम थाना लोटन ,जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 20.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम जोगिया में महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा के बारे में जागरुक कर जागरुकता अभियान के पोस्टर चस्पा किये गये।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 20/05/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के कुशल निर्देशन में व थानाध्यक्ष अभय सिंह नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र जोगिया उदयपुर के ग्राम जोगिया में महिलाओं/बालिकाओं को नए कानून के बारे मे बताते हुए मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व जागरूक किया गया। मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 आनंदकुमार शाही

02.म0का0 संगीता यादव

03.रि0म0का0 शैल कुमारी

## प्रेस नोट दिनांक 20.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बामदेई में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल में महिलाओं व बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनाकं 20.05.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय थाना त्रिलोकपुर के कुशल नेतृत्व में थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बामदेई की महिलाओं व बालिकाओं को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं को बहू बेटी व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी  तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर  नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम का विवरण--**

01.उ0नि0 कृष्ण कुमार पांडेय

02.हे0का0 धनन्जय दुबे

03.का0 सत्यप्रकाश यादव

04.रि0म0आ0 कुंजन सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 20.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना डुमरियागंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र ग्राम सिरसिया की महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 20.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा तथा प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना डुमरियागंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम सिरसिया की महिलाओं/बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 वीरेन्द्र कुमार

02.हे0का0 इनामुद्दीन

03.म0का0 रेनू

04.म0रि0आ0 चांदनी

# प्रेस नोट दिनांक 20.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बराव की महिलाओं/बलिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 20.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष रामदेव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बराव थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर की महिलाओं/बलिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 दीनदयाल सिंह

02.मु0आ0 विनोद कुमार

03.म0आ0 बबिता सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 20.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना ढेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के डॉ0 जाकिर हुसैन पब्लिक स्कूल औरहवा में बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा आदि के बारे में जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 20.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी महोदय शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी तथा प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत डॉ0 जाकिर हुसैन पब्लिक स्कूल औरहवा में बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाये गए अभियान के सम्बन्ध में मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 सोमनाथ शर्मा

02.का0 जितेंद्र राजभर

03.रि0म0आ0 कीर्ति

# प्रेस नोट दिनांक 20.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम पिपरसन में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल में महिलाओं व बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 20/05/2026 को प्रभारी निरीक्षक मान सिंह थाना कपिलवस्तु के निर्देशन में थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र की महिलाओं व बालिकाओं को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं को ग्राम पिपरसन थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या के बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 सदरूल आलमीन

02.का0 विपिन वर्मा

03.म0आ0 सुषमा वर्मा

## प्रेस नोट दिनांक 20.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम कंचनपुर की महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 20.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम कंचनपुर की महिलाओं/बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं-प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 जयप्रकाश पांडे

02.का0 धर्मेंद्र शाह

03. म0का0 कालिंदी यादव

04. रि0म0का0 विंदु

## प्रेस नोट दिनांक 20.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **जनपद के समस्त थानो पर गठित सीसी टीम द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने संदिग्ध व्यक्ति /वस्तु दो पहिया वाहन पर तीन सवारी/बिना हेलमेट/ चार पहिया वाहनों मे सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर की गयी प्रवर्तन की कार्यवाही।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के अनुपालन के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 20.05.2026 को जनपदीय सीसी टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध व्यक्ति /वस्तु दो पहिया वाहन पर तीन सवारी/बिना हेलमेट/ चार पहिया वाहनों मे सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े-खड़े वाहनों जिसे दुर्घटना के प्रबल संभावना को प्रत्येक दशा में यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।

## प्रेस नोट दिनांक 20.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 20.05.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।